DSSSB TGT & PGT
Part-B
SCHOLAR BATCH
संस्कृत
सन्धि (व्यंजन सन्धि)
Part -7
LIVE 06-04-2024 05:00 PM

ङमुडागमविधायकं विधिसूत्रम्

८९. ङमो ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम् ८।३।३२।

ह्रस्वात्परो यो ङम् तदन्तं यत्पदं तस्मात्परस्याचो ङमुट् ।

प्रत्यङ्ङात्मा । सुगण्णीशः । सन्नच्युतः ।

८९- ङमो ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम् । ङमः पञ्चम्यन्तं ह्रस्वात् पञ्चम्यन्तम्, अचि सप्तम्यन्तं, ङमुट् प्रथमान्तं नित्यं क्रियाविशेषणं द्वितीयान्तम्, अनेकपदमिदं सूत्रम्

ह्रस्व से परे जो ङम्, वह अन्त में है जिस के ऐसा जो पद, उससे परे को नित्य से ङमुट् आगम होता है।

रुत्वविधायकं विधिसूत्रम्

९०. समः सुटि ८।३।५॥

समो रुः सुटि ।

सम् + कर्ता

सम् + स्कर्ता

सर् - स्कर्ता

सँर् + स्कर्ता

सँः स्कर्ता

संर् स्कर्ता

संः स्कर्ता

९० - समः सुटि । समः षष्ठ्यन्तं सुटि सप्तम्यन्तं द्विपदमिदं सूत्रम् । मतुवसो रु सम्बुद्धौ छन्दसि से रुः की अनुवृत्ति आती है।

सुट् के परे होने पर सम् के मकार के स्थान पर रु आदेश होता है। यह आदेश है अतः सम् के मकार को हटाकर बैठता है, यदि आगे सुट् आगमका सकार परे हो तो।

अनुनासिकादेशविधायकं विधिसूत्रम्

९१. अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा ८।३।२ ॥

अत्र रुप्रकरणे रोः पूर्वस्यानुनासिको वा ।

९१- अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा । अत्र अव्ययपदम्, अनुनासिकः प्रथमान्तं पूर्वस्य षष्ठ्यन्तं, तु अव्ययपदं, वा अव्ययपदम्, अनेकपदमिदं सूत्रम् ।

इस रु के प्रकरण में रु से पूर्व वर्ण को विकल्प से अनुनासिक आदेश होता है।

इस सूत्र में अत्र यह शब्द मतुवसो रु सम्बुद्धौ छन्दसि आदि सूत्रों से किये गये रु को बताता है । अतः ससजुषो रुः से किये गये रु को नहीं लिया जाता है। पूर्वोक्त सूत्रों से रु करने पर उस रु से पहले जो भी अच् वर्ण हो, उसे यह अनुनासिक अच् आदेश करता है।

अनुस्वारागमविधायकं विधिसूत्रम्

९२. अनुनासिकात्परोऽनुस्वारः ८ | ३ | ४ ||

अनुनासिकं विहाय रोः पूर्वस्मात् परोऽनुस्वारागमः ।

९२ - अनुनासिकात्परोऽनुस्वारः । अनुनासिकात् पञ्चम्यन्तं, परः प्रथमान्तम्, अनुस्वारः प्रथमान्त, त्रिपदमिदं सूत्रम् । मतुवसो रु सम्बुद्धौ छन्दसि से रु को पञ्चमी विभक्ति में विपरिणाम करके रोः की तथा अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा से पूर्वस्य को पञ्चमी विभक्ति में विपरिणाम करके पूर्वात् की अनुवृत्ति आती है ।

जहाँ अनुनासिक होता है, उस पक्ष को छोड़कर अन्य पक्ष में रु से पूर्व जो वर्ण, उससे परे अनुस्वार आगम होता है।

अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा से किये गये अनुनासिक के पक्ष में यह सूत्र नहीं लगता किन्तु उससे अनुनासिक न होने के पक्ष में यह अनुस्वार आगम करता है।

विसर्गविधायकं विधिसूत्रम्

९३. खरवसानयोर्विसर्जनीयः ८।३।१५ ॥

खरि अवसाने च पदान्तस्य रेफस्य विसर्गः।

वार्तिकम् - संपुंकानां सो वक्तव्यः । सँस्स्कर्ता, संस्स्कर्ता ।

९३ - खरवसानयोर्विसर्जनीयः । खर् च अवसानं च (तयोरितरेतरयोगद्वन्द्वः) खरवसाने, तयोः खरवसानयोः। खरवसानयोः सप्तम्यन्तं, विसर्जनीयः प्रथमान्तं द्विपदमिदं सूत्रम् । रो रि से रोः की अनुवृत्ति आती है।

खर् परे रहते अथवा अवसान में स्थित रेफ हो तो उस रेफ के स्थान में विसर्ग आदेश होता है।

रुत्वविधायकं विधिसूत्रम्

९४. पुमः खय्यम्परे ८।३।६ ॥

अम्परे खयि पुमो रुः । पुंस्कोकिलः, पुंस्कोकिलः ।

९४- पुमः खय्यम्परे । अम् परो यस्मात् सः अम्परः, तस्मिन् अम्परे । (बहुव्रीहिः) । पुमः षष्ठ्यन्तं खयि सप्तम्यन्तम्, अम्परे सप्तम्यन्तं, त्रिपदमिदं सूत्रम् । मतुवसो रु सम्बुद्धौ छन्दसि से रुः की अनुवृत्ति आती है।

अम् परक खय् के परे होने पर पुम्-शब्द के मकार को रु आदेश होता है।

पुम् + कोकिल:

रु

पुर् + कोकिल:

पुँर् कोकिल: / पुंर् कोकिल:

पुँः कोकिल: पुंः कोकिल:

पुँस्कोकिल: / पुंस्कोकिल:

रामस् — रामः

रुत्वविधायकं विधिसूत्रम्

९५. नश्छव्यप्रशान् ८।३।७॥

अम्परे छवि नान्तस्य पदस्य रुः, न तु प्रशान् - शब्दस्य ।

९५- नश्छव्यप्रशान्। नः षष्ठ्यन्तं, छवि सप्तम्यन्तम्, अप्रशान् षष्ठ्यर्थकं प्रथमान्तं, त्रिपदमिदं सूत्रम् । मतुवसो रु सम्बुद्धौ छन्दसि से रुः की और पुमः खय्यम्परे से अम्परे की अनुवृत्ति आती है । पदस्य का अधिकार है।

अम् परक छव् के परे होने पर नकारान्त पद को रु आदेश होता है किन्तु प्रशान्-शब्द के नकार को नहीं।

विधिसूत्रम्

९६. विसर्जनीयस्य सः ८।३।३४॥

खरि । चक्रिस्त्रायस्व, चक्रिस्त्रायस्व ।

अप्रशान् किम् ? प्रशान् तनोति । पदस्येति किम् ? हन्ति ।

९६ - विसर्जनीयस्य सः । विसर्जनीयस्य षष्ठ्यन्तं सः प्रथमान्तं द्विपदमिदं सूत्रम् । खरवसानयोर्विसर्जनीयः से एकदेश खरि की अनुवृत्ति आती है ।

खर के परे होने पर विसर्जनीय विसर्ग के स्थान पर सकार आदेश होता है।

रु हल् अम्

पाक्रिंर् त्रायस्व

पक्रिंर त्रायस्वं | पाक्रिंर् त्रायस्व

पक्रिं: त्रायस्व | पाक्रिं: त्रायस्वं

खर्

सं

पक्रिंस्त्रायस्व | पाक्रिंस्त्रायस्वं

नृन् (द्वितीया बहु०)

वैकल्पिक -त्वविधायकं विधिसूत्रम्

९७. नृन् पे ८।३।१० ॥

नृनित्यस्य रुर्वा पे ।

९७- नृन् पे । नृन् लुप्तषष्ठीकं द्वितीयान्तानुकरणं, पे सप्तम्यन्तं द्विपदमिदं सूत्रम् । मतुवसो रु सम्बुद्धौ छन्दसि से रुः की अनुवृत्ति आती है।

पकार के परे होने पर नृन् के नकार के स्थान पर रु आदेश विकल्प से होता है।

जिह्वामूलीयोपध्मानीयविधायकं विधिसूत्रम्

९८. कुप्वोः क -पौ - च ८ | ३ | ३७ ॥

कवर्गे पवर्गे च विसर्गस्य – प -पौ स्तः, चाद्विसर्गः ।

नृन् – पाहि, नँृ – पाहि, नृः पाहि, नृः पाहि,

९८- कुप्वोः -क - पौ च । कुश्च पुश्च कुपू, तयोः कुप्वोः (इतरेतरयोगद्वन्द्वः) । कश्च पश्च कपौ, इतरेतरयोगद्वन्द्वः ।

कवर्ग और पवर्ग के परे होने पर विसर्जनीय-विसर्ग के स्थान पर जिह्वामूलीय और उपध्मानीय विसर्ग आदेश होते हैं तथा पक्ष में विसर्ग भी होता है।

आम्रेडितसंज्ञाविधायकं संज्ञासूत्रम्

९९. तस्य परमाम्रेडितम् ८।१।२ ॥

द्विरुक्तस्य परमाम्रेडितं स्यात्

९९ - तस्य परमाम्रेडितम् । तस्य षष्ठ्यन्तं परम् प्रथमान्तम्, आम्रेडितं प्रथमान्तं त्रिपदमिदं सूत्रम् । सर्वस्य द्वे से द्वे का अधिकार आ रहा है। उसीको यहाँ पर तस्य से दर्शाया जा रहा है।

शब्द के दो बार उच्चारण होने पर दूसरे रूप की आम्रेडितसंज्ञा होती है।

रुत्वविधायकं विधिसूत्रम्

१००. कानाम्रेडिते ८|३|१२||

कान्नकारस्य रुः स्यादाम्रेडिते । काँस्कान्, कांस्कान् ।

१०० - कानाम्रेडिते । कान् द्वितीयान्तानुकरणात्मकं लुप्तषष्ठीकं पदम्, आम्रेडिते सप्तम्यन्तं, द्विपदमिदं सूत्रम् । मतुवसो रु सम्बुद्धौ छन्दसि से रुः की अनुवृत्ति आती है।

आम्रेडित के परे होने पर कान्-शब्द के नकार को रु आदेश होता है।

ह्रस्व स्वर + छ्

तुक् = कित् आगम

शिव + छाया

अ तुक्

शिव त् छाया

शिवत् छाया = शिवच्छाया

च्